**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 2810**

**गुरुवार,** 19 **दिसम्बर, 2024/28 अग्रहायण**, **1946 (शक)**

**वर्ष 2019 से रोजगार कार्यालयों के माध्यम से प्रदान किए गए रोजगार**

**2810. श्री अनिल कुमार यादव मंदादी:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2019 से देश भर के रोजगार कार्यालयों में रोजगार हेतु पंजीकृत युवाओं की राज्य-वार संख्या कितनी है**;**

(ख) विगत पांच वर्षों के दौरान रोजगार कार्यालयों के माध्यम से देश भर में युवाओं को प्रदान किए गए रोजगार का राज्य-वार ब्यौरा क्या है**;** और

(ग) आगामी वर्षों में देश भर के युवाओं को रोजगार कार्यालयों के माध्यम से प्रदान किए जाने वाले प्रस्तावित रोजगार का राज्य-वार ब्यौरा क्या है**?**

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ग): श्रम और रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल चला रहा है, जो निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि सहित करियर से संबंधित सेवाएं डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप समाधान है। दिनांक 15 नवंबर, 2024 तक, एनसीएस पोर्टल पर 3.53 करोड़ से अधिक रिक्तियां जुटाई गई हैं।

एनसीएस योजना का एक उद्देश्य रोजगार कार्यालयों को मॉडल करियर केंद्रों (एमसीसी) में रूपांतरित करना है। मंत्रालय ने देश भर में 407 मॉडल करियर केंद्रों (एमसीसी) को मंजूरी दी थी। ये केंद्र स्थानीय युवाओं और अन्य नौकरी चाहने वालों को प्रौद्योगिकी के माध्यम से तथा करियर परामर्श और प्रशिक्षण के माध्यम से नौकरी के अवसरों से जोड़ते हैं। इस प्रकार ये मॉडल करियर केंद्र (एमसीसी) राज्यों और अन्य संस्थानों के सहयोग से आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से नौकरी चाहने वालों और नियोक्ताओं के लिए रोजगार मेलों के आयोजन, नियोक्ताओं को संगठित करने, स्थानीय स्तर पर करियर परामर्श प्रदान करने आदि के लिए एक केंद्र के रूप में कार्य करते हैं।

राज्यों द्वारा प्रस्तुत आंकड़ों के आधार पर रोजगार कार्यालयों से संबंधित विभिन्न मापदंडों (नियोक्ता, नौकरी चाहने वाले, रिक्तियां, प्लेसमेंट आदि) पर राज्यवार आंकड़ा रोजगार कार्यालय सांख्यिकी में (https://dge.gov.in/dge/dge-publications-reports-) पर उपलब्ध है।

*****